# महोबा पुलिस



- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **महिलाओंबालिकाओं से वार्ता कर पं/पलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 25.06.2024 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास  मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-**112**, हेल्प लाइन-**181**, वुमेन पावर लाइन-**1090**, चाइल्ड हेल्प लाइन-**1098**, सी0एम0 हेल्पलाइन-**1076**, वन स्टॉप सेन्टर-**181**, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-**102**, एंबुलेंस सेवा-**108** आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि)  के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।







# थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने
# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शस्त्र की बिक्री, परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 25.06.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्रीमती हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के द्वारा गठित टीम के उ0नि0 दिनेश सिंह के द्वारा एक नफर अभियुक्त को बागौल तिराहा/पनवाडी रोड पर बना यात्री प्रतिक्षालय थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से मय 01 अदद तमंचा 32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर क्रमशः मु0अ0सं0 216/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त –

सचिन सिंह पुत्र उत्तम सिंह यादव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा




## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 दिनेश सिंह
2. का0 इन्द्रपाल चौहान
3. का0 राजेश सिंह